हरिद्वार विकास प्राधिकरण,

की

ऑडिट रिपोर्ट

अवधि

वर्ष 2009–10
से
2010–11 तक

403

Scanned with CamScanner

रलब्ध-14(5)
11-01-2012

1 उपाध्यक्ष/सचिव
विकास प्राधिकरण, हरिद्वार
हरिद्वार

Ro/22

निदेशालय कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इंटरनल आडिटर, उत्तराखण्ड
स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग, देहरादून।
सम्परीक्षा आख्या भाग- प्रथम

402

संस्था का नामः- हरिद्वार विकास प्राधिकरण, हरिद्वार।

अवधिः- वर्ष 2009-10 से 2010-11

प्रशासनः- आलोच्य अवधि में निम्नलिखित अधिकारी प्रशासनिक एवं आहरण वितरण अधिकारी रहेः-

उपाध्यक्षः-
(1) श्री आनन्दवर्धन (IAS) दिनांक 01.04.2009 से 17.08.2010 तक
(2) श्री अनिल त्यागी (कार्य) दिनांक 17.08.2010 से 25.08.2010 तक
(3) श्री चन्द्र शेखर भट्ट (PCS) दिनांक 26.08.2010 से 31.03.2011 तक

सचिवः-
(1) श्री रणवीर सिंह चौहान दिनांक 01.04.09 से 30.09.09 तक
(2) श्री हरिचन्द्र सेमवाल दिनांक 01.10.09 से 22.06.10 तक
(3) श्री अनिल त्यागी (का0) दिनांक 22.06.10 से 27.06.10 तक
(4) श्री विष्णु सिंह धनिक दिनांक 28.06.10 से 31.03.11 तक

मुख्य वित्तः- अधिकारी
(1) श्री हर सिंह बोनाल दिनांक 01.04.2009 से 17.08.2009 तक
(2) श्री रत्नेश कुमार दिनांक 27.08.2009 से 31.03.2011 तक

सम्परीक्षा का स्वरूपः- उप लेखा परीक्षा।

निस्तारित आपत्तियों का विवरणः- सम्परीक्षा आख्या पर विचार विमर्श के दौरान दिनांक 30.09.2011 को निम्नलिखित सम्परीक्षा आपत्तियों का निराकरण उप निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा किया गयाः-

अवधि	सम्परीक्षा आख्या के अनुच्छेद	पद
2006-07	1(क)(ख)(ग),1(2),1(5),1(6),1(10),1(19),1(21),5(1)(2)	–
2007-08	1(11)(i)(ii)(iii)(iv)(13)(15)	1,3,4,5,6,8
2008-09	1(ख)(ग)(घ)(ड0)(च)(i)(ii)(iii)(iv)(छ:)(ज)(झ)(ञ)(1)(2)(3)(4) (5)(6)(ट)(ठ)(ड़)(ण)(i)(ii)(iii)(त)(थ)(द)(i)(ii)(iii)(iv)(ध) (i)(ii)(iii)(न)(प)3टि0(i)(ii)(iii),4,5टि0(2)(4),7	1,2,3,4,5,6

अनिस्तारित आपत्तियों का विवरणः- निम्नलिखित आपत्तियाँ निस्तारण हेतु शेष थीः-

अवधि	अनुच्छेद	पद	कुल संख्या
2007-08	1(14)	–	01
2008-09	1(क)	–	01
		योगः-	02

अनिस्तारित आपत्तियों के निस्तारणार्थ प्रभावी कार्यवाही अपेक्षित है।

OS.

स्थानः- देहरादून
दिनांकः- 12.10.2011
महीप कुमार सिंह
ज्येष्ठ लेखा परीक्षक

(के0एन0दुमकी) 1-12
उपनिदेशक
स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग,
देहरादून।

19.01.2012
Secretary

टी0 / 22

निदेशालय कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इंटरनल आडिट
स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग, देहरादू
सम्परीक्षा आख्या भाग– दो(अ)

संस्था का नामः– हरिद्वार विकास प्राधिकरण, हरिद्वार।
अवधिः– वर्ष 2009–10 से 2010–11

सम्परीक्षा में पाई गई गम्भीर आपत्तियों का विवरणः–

1– व्यपहरण / सम्भावित व्यपहरण के प्रकरणः– कोई प्रकरण प्रकाश में नहीं आया।
2– दुर्विनियोग के प्रकरणः– कोई प्रकरण प्रकाश में नहीं आया।
3– अनानुमोदित व्ययः– कोई नहीं।
4– अधिक / अनियमित / अमान्य भुगतान / परिहार्य व्ययः–

(i) गृह किराया भत्ते का अनियमित भुगतान रूपये 59,400=00:– श्री रत्नेश कुमार, वित्त पत्नी श्रीमति अर्चना गहरवार, नगर मजिस्ट्रेट हरिद्वार के पद पर रहते हुए सरकारी आवास उपल सितम्बर, 2009 से जुलाई, 2010 तक रूपय 5,400=00 प्रतिमाह की दर से रूपये 59,400=00 अनियमित भुगतान किया गया।

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति

(ii) आबन्टन निरस्तीकरण पर अधिक धनराशि वापस किया जाना रूपयेः– 27 योजनाओं में आबन्टन निरस्तीकरण पर आबन्टन नियमावली के प्रावधानों के विरूद्ध रूपये 27,072=0 किया गया।

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति

(iii) अव्यवहारिक तिथि को न्यायालय में उपस्थिति हेतु अमान्य भुगतान रूपये अव्यवहारिक तिथि दिनांक 31.09.2010 (माह सितम्बर में 30 दिन होते है) को माननीय उच्च न्यायाल होने (appearsnce before court) हेतु श्री शान्ति भूषण, वरिष्ठ अधिवक्ता को रूपये 11,00 किया गया, जो मान्य नही था।

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति

(iv) अमान्य भुगतान रूपये 37,630=00:– प्राधिकरण नियमों, उपनियमों में व्यवस्था न अधिष्ठान से इतर व्यक्तियों द्वारा किये गये व्ययों हेतु रूपये 37,630=00 का अमान्य भुगतान किया ग

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति

5. अधिष्ठान एवं वेतन निर्धारण से सम्बन्धित अनियमिततायें:–

(i) त्रुटिपूर्ण वेतन निर्धारण के फलस्वरूप अधिक भुगतान रूपये 34,946:– दिनांक 01.0 वेतनमानों में त्रुटिपूर्ण वेतन निर्धारण के फलस्वरूप श्री गोकुल चन्द जोशी, अवर अभियन्ता को रू अधिक भुगतान किया गया।

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति

(ii) विनियमितीकरण से पूर्व समयमान वेतनमान के अन्तर्गत प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृ फलस्वरूप अधिक भुगतान रूपये 5,65,423:– श्री आनन्द राम आर्या, अवर अभियन्ता को दिना अवर अभियन्ता पद पर नियमित किया गया था अतः उक्त तिथि से पूर्व समयमान वेतनमान के अन्तर्ग देय नहीं था परन्तु श्री आर्य को दिनांक 01.03.2002 से प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत कर दिया गया, जिस आर्या को रूपये 5,65,423=00 का अधिक भुगतान हुआ।

{सम्परीक्षा आ

Scanned with CamScanner

(iii) **विनियमितीकरण के सम्बन्ध में स्थिति अस्पष्टः–** तदर्थ रूप से नियुक्त श्री बलराम सिंह–सर्वेयर, श्री भूपाल सिंह– सर्वेयर एवं श्री किशन स्वरूप सिंह चौकीदार को कब और कैसे नियमित किया गया, स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। विनियमितीकरण आदेशों के बिना ही सेवा पुस्तिकाओं में 'तदर्थ' शब्द को काट कर 'अस्थाई' अंकित किया जाना गम्भीर रूप से आपत्तिजनक था।

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति संख्या 1(29)

आय की हानि/ राजस्व की क्षति से सम्बन्धित अनियमिततायेः–

(1) **सब डिविजन शुल्क कम लिए जाने के फलस्वरूप आर्थिक क्षति रूपये 3,59,418=00:–** मानचित्र पत्रावली संख्या मान0/हरि0/एस0 डब्लू0– 40/2010–11 में सब डिविजन शुल्क की गणना कम किये जाने के फलस्वरूप रूपये 3,59,418=00 की आर्थिक क्षति हुई।

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति संख्या 1(1)}

(2) **भू– उपयोग परिवर्तन शुल्क न लिए जाने से आर्थिक क्षति रूपये 6,64,20,000=00:–** मानचित्र पत्रावली संख्या– मान0/हरि0/एस0 डब्ल्यू0– 40/ 2010–2011 में भू– उपयोग आवासीय से पर्यटन किये जाने पर भू– उपयोग परिवर्तन शुल्क न लिए जाने के फलस्वरूप रूपये 6,64,20,000=00 की आर्थिक क्षति हुई।

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति संख्या 1(2)}

(3) **दस प्रतिशत अधिकार न लिए जाने के फलस्वरूप आर्थिक क्षति रूपये 1,57,34,780=00–** आवास अनुभाग–1 उत्तर प्रदेश शासन के ज्ञाप संख्या 152/9–आ0–1–1998 दिनांक 15 जनवरी, 1998 के प्रावधानानुसार बेचे जाने वाले भूखण्डो के मूल्य का 10 प्रतिशत अधिकार वसूल न किए जाने के फलस्वरूप रूपये 1,57,34,780=00 की आर्थिक क्षति हुई।

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति संख्या 1(3)}

(4) **विकास एवं पर्यवेक्षण शुल्क कम लिए जाने के फलस्वरूप आर्थिक क्षति रूपये 48,895=00:–** मानचित्र पत्रावली संख्या– मान0/हरि0/ एस0 डब्ल्यू– 40/ 2010–11 में कवर्ड एरिया कम आगणित किये जाने के फलस्वरूप रूपये 48,895=00 की आर्थिक क्षति हुई।

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति संख्या 1(7)}

(5) **स्टाम्प शुल्क के रूप में राजकीय राजस्व की क्षति रूपये 1,86,010=00:–** पत्रावली संख्या– मान0/ लेआउट0/85/03–04 में बन्धक अनुबन्ध पत्रों में कम मूल्य के स्टाम्प प्रयुक्त किए जाने के फलस्वरूप रूपये 1,86,010=00 के राजकीय राजस्व की क्षति हुई।

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति संख्या 1(9)}

(6) **मानचित्र आवेदन शुल्क कम लिए जाने के फलस्वरूप आर्थिक क्षति रूपये 12,199=00:–** 300 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले भूखण्डो पर आवासीय भवन मानचित्र आवेदन शुल्क निर्धारित दर रूपये 2=00 प्रति वर्ग मी0 की दर से न लिए जाने के फलस्वरूप रूपये 12,199=00 की आर्थिक क्षति हुई।

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति संख्या 1(12)}

(7) **रोड वाइडनिंग क्षेत्र पर सब डिविजन शुल्क न लिए जाने के फलस्वरूप आर्थिक क्षति रूपये 68,675=00:–** रोड वाइडनिंग क्षेत्र को छोड़ते हुए शेष भूखण्ड क्षेत्रफल पर सबडिविजन शुल्क लिया गया था, जिसके फलस्वरूप उप सम्परीक्षा माहों में रूपये 68,675=00 की आर्थिक क्षति हुई।

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति संख्या 1(17)}

7. **अधिकार के प्रकरणः–** कोई नहीं।

8. **आय– व्ययक, वित्तीय स्थिति, बैलेंसशीट आदि से सम्बन्धित अनियमिततायेः–** कोई नहीं।

9. राजकीय अनुदानों / ऋणों के उपभोग में पाई गई अनियमिततायें:– कोई नहीं।

10. अन्य विविध प्रकृति की गम्भीर अनियमिततायें:–

(1) हरिलोक अनुरक्षण पर आय से अधिक व्यय:– प्राधिकरण द्वारा विकसित हरिलोक आवसीय काल पर प्राप्त आय के सापेक्ष रूपये 21,40,823=00 अधिक व्यय किया गया था जबकि प्राधिकरण के उद्दे कालोनी का अनुरक्षण सम्मिलित नहीं था।

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति संख्या 1(1

(2) कुम्भ मेला प्रशासन को अनियमित रूप से अग्रिम दिया जाना:– मेलाधिकारी, कुम्भमेला 2010 उपाध्यक्ष पद के अतिरिक्त प्रभार का दुरूपयोग करते हुए विभिन्न तिथियों में मेला प्रशासन को ऋण/अग्रिम दिया गया जिसमें से सम्परीक्षा तिथि तक रूपये 20 लाख वापस प्राप्त होने हेतु शेष था। मेलाधिकारी के वेतन अग्रिम के रूप में भी रूपये 1,90,000=00 दिया गया, यद्यपि रूपये 1,90,000=00 दिया गया था, परन्तु यह प्राधिकरण नियमों, उपनियमों के अनुकूल नहीं था।

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति संख्या 1(1

(3) अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क की धनराशि प्राप्त न किया जाना:– नगर योजना एवं विकास अधि धारा 39(1) के अधीन वसूले गये अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क की धनराशि का आनुपातिक अंश विकास प्राधि नहीं किया गया जबकि नगर पालिका हरिद्वार को, माह जनवरी, 2009 से फरवरी, 2010 की अवधि का 1,76,12558=00 प्राप्त हो गया था।

{सम्परीक्षा आख्या भाग दो (ब) आपत्ति संख्या 1(2

स्थान:– देहरादून
दिनांक:– 12.10.2011
श्री महीप कुमार सिंह
वरिष्ठ लेखा परीक्षक

(के0एन0दुमका)
उपनिदेशक
स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभा
देहरादून।

टी0/22

निदेशालय कोषागार एवं वि[illegible] सह स्टेट इंटरनल आडिट, उत्तराखण्ड

स्थानीय नि[illegible]लेखा परीक्षा प्रभाग, देहरादून।

सम्परीक्षा आख्या भाग– दो(ब)

संस्था का नामः– हरिद्वार विकास प्राधिकरण, हरिद्वार।

अवधि:– वर्ष 2009–10 से 2010–11

सम्परीक्षा दिनांकः– वर्तमान सम्परीक्षा दिनांक 01.04.2011 को प्रारम्भ एवं दिनांक 30.09.2011 को समाप्त की गई।

1– सम्परीक्षा में पाई गई उल्लेखनीय आपत्तियां :–

(1) सब डिविजन शुल्क गणना हेतु सर्किल रेट कम लिए जाने के फलस्वरूप आर्थिक क्षति रूपये 3,59,418=00:– मान0/हरि0/एस0 डब्ल्यू0–40/2010–11 पत्रावली की जाँच में पाया गया, कि उक्त पत्रावली द्वारा श्रीमति पूनम सिंह, डायरेक्टर, गर्ग फूड्स प्रा0 लि0 द्वारा प्रस्तुत होटल का मानचित्र स्वीकृत था। उक्त मानचित्र में रावली महदूद, हरिद्वार स्थित भूखण्ड क्षेत्रफल 8200 वर्ग मीटर में से रोड बाइडनिंग क्षेत्र कम करते हुए शेष भूखण्ड क्षेत्रफल 8069.75 वर्ग मीटर पर 8069.75 × रूपये 5650=00(सर्किल रेट) का 2 प्रतिशत रूपये 9,11,882=00 सबडिविजन शुल्क आगणित कर प्राप्त किया गया था। जिलाधिकारी हरिद्वार द्वारा निर्गत सर्किल रेट (नवम्बर, 2009 से अक्टूबर, 2011) पृष्ठ संख्या 25, क्रमांक 27 पर उक्त क्षेत्र हेतु 500 वर्गमीटर तक की दर रूपये 5,650=00 प्रति वर्गमीटर, 501 से 1000 वर्गमीटर तक की दर रूपये 5,250=00 प्रति वर्गमीटर तक व्यवसायिक दर रूपये 8,100=00 प्रति वर्गमीटर निर्धारित थी (संलग्नक–1) चूंकि भूखण्ड क्षेत्रफल 1000 वर्ग मीटर से अधिक था अतः उपरोक्त सबडिविजन शुल्क रूपये 5,650=00 के स्थान पर रूपये 8,100=00 प्रतिवर्गमीटर सर्किल रेट लेते हुए 8069.75 ×8,100=00 का 2 प्रतिशत अर्थात रूपये 13,07,300=00 आगणित कर वसूल किया जाना चाहिए था। इस प्रकार प्राधिकरण को 13,07,300=00– 9,11,882=00 = रूपये 3,95,418=00 की क्षति हुई। उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए प्रतिपूर्ति कराया जाना अपेक्षित है।

(2) भू– उपयोग परिवर्तन शुल्क न लिये जाने के फलस्वरूप आर्थिक क्षति रूपये 6,64,20,000=00:– मानचित्र पत्रावली संख्या–मान0/हरि0/एस0डब्ल्यू0–40/2010–11 की जाँच में पाया गया कि उक्त पत्रावली द्वारा श्रीमती पूनम सिंह, डायरेक्टर–गर्ग फूड्स प्रा0लि0 द्वारा प्रस्तुत होटल मानचित्र स्वीकृत किया गया था। पत्रावली में संलग्न नोट शीट संख्या–1 पर अंकित टिप्पणी के अनुसार प्रस्तावित स्थल का भू–उपयोग हरिद्वार महायोजना भाग–अ के अनुसार आवासीय मध्य घनत्व आर–1 था। उक्त भू–उपयोग के अन्तर्गत होटल का मानचित्र स्वीकार्य भू–उपयोग के अन्तर्गत स्वीकार्य नहीं था।

प्राधिकरण बोर्ड की 49 वीं बैठक दिनांक 16.10.2010 के क्रमांक 49(02) अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से, के द्वारा महायोजना जेनिंग रेगुलेशन के अन्तर्गत विशेष परिस्थितियों में रावली महदूद स्थिति भूखण्ड क्षेत्रफल 8,200 वर्गमीटर पर होटल निर्माण सम्बन्धी प्रस्ताव सर्वसम्मति से अनुमोदित था। उक्त अनुमोदन एवं जोनिंग रेगुलेशन में भू–उपयोग परिवर्तन पर शुल्क में छूट का प्रावधान नहीं था। भू– उपयोग परिवर्तन सम्बन्धी शासनादेश संख्या–1205/5–आ0–2005–11 (एल0यू0सी0)/दिनांक 12.04.2005 के क्रम में शासनादेश संख्या– 1573/ 5–आ0–2006–11 (एल0यू0सी0)/03 दिनांक 19.09.2006 द्वारा महायोजना में निम्न भू– उपयोग से उच्च भू–उपयोग में परिवर्तन की दशा में भू– उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण किया गया था तथा साथ ही महायोजना एवं क्षेत्रीय योजनांतर्गत भू–उपयोग की अनुमन्यता को एक अधिकार के रूप में न देखकर प्रकरण विशेष के तकनीकी परीक्षणोपरान्त उपयुक्त पाये जाने पर भू– उपयोग परिवर्तन हेतु भूखण्ड के क्षेत्रफल के आधार पर 2.0 हेक्टेयर तक निर्धारित दर के 100 प्रतिशत भू– उपयोग परिवर्तन शुल्क लिये जाने का प्रावधान था। जिसके अनुसार उक्त प्रकरण में आवासीय से पर्यटन (होटल) में परिवर्तन पर निर्धारित दर का 100 प्रतिशत अर्थात 8200 ×3300 ×100/100=रूपये 6,64,20,000=00 भू– उपयोग परिवर्तन शुल्क लिया जाना था, परन्तु प्राधिकरण द्वारा भू– उपयोग परिवर्तन शुल्क लिया जाना था, परन्तु प्राधिकरण द्वारा भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क नहीं, लिया गया, जिसके फलस्वरूप प्राधिकरण को रूपये 6,64,20,000=00 की आर्थिक क्षति हुई। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

(3)– बेचे गये भूखण्डों के मूल्य का 10 प्रतिशत अधिक्रार न लिए जाने के फलस्वरूप आर्थिक क्षति रूपये 1,57,34,780:– आवास अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या 152/9–आ–1–1998 दिनांक 15 जनवरी, 1998 (संलग्नक–2) के प्रस्तर–5 (छ) में विकास प्राधिकरणों द्वारा बेचे जाने वाले भूखण्डो के मूल्य पर 10 प्रतिशत अधिभार लगाये जाने तथा उक्त अधिभार की शत प्रतिशत राशि को अवस्थापना विकास निधि में जमा किये

Scanned with CamScanner

जाने के निर्देश पारित थे। परन्तु हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा इन्द्रलोक आवासीय योजना तथा के अन्तर्गत सम्परीक्षा तिथि माह अगस्त, 2011 तक विक्रय किये गये क्रमशः 386 तथा 03 भूखण्डों प्रतिशत अधिकार वसूल नहीं किया गया, जिसके फलस्वरूप प्राधिकरण को निम्न विवरणानुसार की आर्थिक क्षति हुई :-

योजना का नाम अधिकार/	भूखण्डो का विवरण	भूखण्डों की संख्या	दर	धनराशि
1-ट्रांसपोर्ट नगर	ट्रांसपोर्ट आफिस हेतु भूखण्ड	03	1,28,000=00	3,84,000=00
2-इन्द्रलोक आवासीय योजना	एच आई जी-ए 300 वर्ग मी0	02	14,10,000=00	28,20,000=00
	--तदैव--	28	8,10,000=00	2,26,80,000=00
	एच आई जी-बी 250 वर्ग मी0	01	11,75,000=00	11,75,000=00
	--तदैव--	22	6,75,000=00	1,48,50,000=00
	एच आई जी-सी 200 वर्ग मी0	32	5,40,000=00	1,72,80,000=00
	एच आई जी-डी 162 वर्ग मी0	103	4,37,400=00	4,50,52,200=00
	एम आई जी-ए 120 वर्ग मी0	05	5,64,000=00	28,20,000=00
	--तदैव--	74	3,24,000=00	2,39,76,000=00
	एम आई जी-बी 90 वर्ग मी0	02	4,23,000=00	8,46,000=00
	--तदैव--	53	2,43,000=00	1,28,79,000=00
	एल आई जी 72 वर्ग मी0	01	3,38,400=00	3,38,400=00
	--तदैव--	63	1,94,400=00	12,24,7200=00
			योगः-	

(4) श्री रत्नेश कुमार, वित्त अधिकारी को गृह किराया भत्ते का अनियमित भुगतान रूपये 5

देयकों की जाँच से प्रकाश में आया कि श्री रत्नेश कुमार, वित्त अधिकारी को माह सितम्बर, 2009 के रूप में, प्रतिनियुक्ति के फलस्वरूप ग्रेड पे रूपये 5,400=00 के 50 प्रतिशत का दोगुना अर्था प्रतिमाह की दर से भुगतान किया गया था। श्री रत्नेश द्वारा किराया भत्ता अनुमन्यता के सम्बन्ध में पर प्रमाणपत्र नहीं दिया गया था। उल्लेखनीय है कि श्रीमति अर्चना गहरवार पत्नी श्री रत्नेश कुमार से जुलाई, 2010 तक नगर मजिस्ट्रेट हरिद्वार के पद पर तैनात थी तथा उन्हें सरकारी आवास उपल में शासनादेश संख्या जी-1-2569/ दस-83-209/81 दिनांक 28 फरवरी, 1984 के प्रावधानानुसा को गृह किराया भत्ता देय नहीं था। इस प्रकार श्री रत्नेश कुमार को माह सितम्बर, 2009 से माह रूपये 5,400=00 प्रतिमाह की दर से रूपये 59,400=00 गृह किराया भत्ते का अनियमित भुगता अनियमित भुगतान की वसूली सुनिश्चित की जाये।

(6) आबन्टन निरस्तीकरण पर अधिक धनराशि वापस किया जाना रूपये 27,072=00 :-

(क) चैक संख्या 712287 दिनांक 06.08.2009 द्वारा हरिलोक आवासीय योजना के भूखण्ड संख्या- ए निरस्तीकरण पर श्री प्रहलाद सूरी (आबन्टी) द्वारा जमा पंजीकरण राशि रूपये 21,800=00 आ 21,800=00 तथा अन्य जमा राशि रूपये 70,000=00 कुल रूपये 1,13,600=00 में से 25 प्रतिशत कटौ रूपये 85,200=00 वापस किया गया था। उक्त भूखण्ड प्राधि 2160/सम्पत्ति/हरिलोक/एच0/पी0/1/96-97 दिनांक 04.09.96 द्वारा आबन्टित था।

हरिलोक आवासीय योजना आबन्टन नियमावली के नियम- 20, 20.03.01 एवं 20.03.03 में वापस में पंजीकरण राशि में से 50 प्रतिशत कटौती तथा आबन्टन की तिथि से दो वर्ष पश्चात वापसी की दशा

399

से 25 प्रतिशत कटौती का प्रावधान था। जिसके अनुसार पंजीकरण राशि रूपये 21,800=00 का 50 प्रतिशत रूपये 10,900=00 तथा शेष जमा राशि रूपये 91,800=00 का 25 प्रतिशत रूपये 22,950=00 कुल रूपये 33850=00 कटौती उपरान्त रूपये 79,750=00 की वापसी की जानी चाहिए थी। इस प्रकार श्री सूरी को 85,200=00– 79,750=00 = रूपये 5,450=00 की अधिक वापसी की गई। उत्तरदायी से वसूली अपेक्षित है।

(ख) ठीक इसी प्रकार श्याम लोक आवासीय योजना में श्री कुन्दन लाल को एच–2 आवास के आबन्टन निरस्तीकरण पर रूपये 60,560=00 के स्थान पर रूपये 52,056=00 कटौती किये जाने के फलस्वरूप रूपये 8,504=00 का अधिक भुगतान किया गया था।

(ग) श्याम लोक आवासीय योजना में ही श्री गुलजारी लाल को एच–2 भवन के आबन्टन निरस्तीकरण पर रूपये 55,554=00 के स्थान पर रूपये 47,049=00 कटौती किये जाने के फलस्वरूप रूपये 8,505=00 का अधिक भुगतान किया गया था।

(घ) श्याम लोक आवासीय योजना में सम्पत्ति संख्या– 37 के आबन्टन निरस्तीकरण पर श्री सुरेन्द्र भारद्वाज को रूपये 53,511=00 के स्थान पर रूपये 47,898=00 कटौती किये जाने के फलस्वरूप रूपये 5,613=00 अधिक भुगतान किया गया था।

उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त (ख)(ग)(घ) में वर्णित आपत्ति वर्ष 2006–07 की सम्परीक्षा आख्या में अंकित है जिस पर कोई कार्यवही नहीं की गयी। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

(7) विकास शुल्क एवं पर्यवेक्षण शुल्क कम लिये जाने के फलस्वरूप आर्थिक क्षति रूपये 48,895=00:–
मानचित्र पत्रावली संख्या– मान0 / हरि0 / एस0 डब्ल्यू0–40 / 2010–11 जो श्रीमती पूनम सिंह , डायरेक्टर–गर्ग फूड प्रा0 लि0 के होटल मानचित्र से सम्बन्धित थी, की जाँच से प्रकाश में आया कि होटल मानचित्र में खुले क्षेत्र की गणना में क्रमांक 'एच' पर स्वागत एवं प्रतीक्षा लॉन्ज 18.347×13=00 238.511 वर्ग मीटर क्षेत्र 5,384=749 वर्ग मीटर को रोड वाइडनिंग उपरान्त कुल भूखण्ड क्षेत्रफल 8,069.75 वर्गमीटर में से कम करते हुए शेष क्षेत्रफल 2,685.001 वर्गमीटर को भूतल का कवर्ड एरिया मानते हुए विकास शुल्क एवं पर्यवेक्षण शुल्क की गणना की गयी थी। उपर्युक्त स्वागत एवं प्रतीक्षा लॉन्ज का क्षेत्र चारों ओर अन्य दीवारों से प्रथम तल तक घिरा हुआ था तथा प्रथम तल के उपरान्त ग्लास डोम से ढका हुआ दर्शाया गया था। ऐसी स्थिति में उक्त क्षेत्र को खुला क्षेत्र नहीं माना जा सकता। परन्तु प्राधिकरण द्वारा उक्त क्षेत्र को खुला क्षेत्र मानते हुए भूतल कवर्ड एरिया 2,923.512 वर्ग मीटर तथा कुल कवर्ड एरिया 15,078.719 के स्थान पर क्रमशः 2,685.001 तथा 14840.208 वर्ग मीटर अंकित करते हुए विकास शुल्क एवं पर्यवेक्षण शुल्क की गणना की गयी जिसके फलस्वरूप 238.511×200= रूपये 47,702=00 विकास शुल्क एवं 238.511×5= रूपये 1,193=00 पर्यवेक्षण शुल्क कुल रूपये 48,895=00 की आर्थिक क्षति हुई।

(8) अव्यवहारिक तिथि को न्यायालय में उपस्थिति हेतु अमान्य भुगतान रूपये 1,10,000=00 :– चैक संख्या 887,248=00 दिनांक 20.10.10 द्वारा श्री शान्ति भूषण, वरिष्ठ अधिवक्ता की बिल संख्या– एस0बी0–5575 दिनांक 02.09.10 रूपये 12,65,000=00 के सापेक्ष आवास अनुभाग–2, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून के शासनादेश संख्या 2556 V–2010–22 (रिट) / 2010 दिनांक 15.10.10 के क्रम में मान0 उच्च न्यायालय नैनीताल में योजित पी0आई0एल0 संख्या–61 / 2010 उत्तराखण्ड जन संघर्ष मोर्चा प्रति राज्य सरकार के सम्बन्ध में, आयकर कटौती उपरान्त रूपये 11,38,500=00 भुगतान किया गया था। देयक की जाँच में पाया गया कि उक्त बिल में दिनांक 29 व 30 अगस्त 2010 को 03 घन्टे कान्फ्रेंस हेतु रूपये 1,65,000=00 तथा दिनांक 31.09.2010 को मान0 उच्च न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने (appearance before court) हेतु रूपये 11,00,000=00 अंकित कर कुल रूपये 12,65,000=00 का बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत किया गया था (संलग्नक 3)। उक्त बिल किसी स्तर पर भी सत्यापित नहीं किया गया था एवं फीस की दरें भी प्रमाणित / अनुमोदित नहीं थी। उल्लेखनीय है कि माह सितम्बर में मात्र 30 दिन होते हैं अतः सितम्बर में 31 तारीख सम्भव नहीं है। अतः दिनांक 31.09.10 को मान0 उच्च न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने हेतु वरिष्ठ अधिवक्ता को किया गया भुगतान रूपये 11,00,000=00 सम्परीक्षा में मान्य नहीं था। अमान्य भुगतान की वापसी / प्रतिपूर्ति अपेक्षित है। बाद पंजिका सम्परीक्षा में अनुपलब्ध रही।

(9) बन्धक भूखण्डो को अनियमित रूप से अवमुक्त किया जाना एवं राजकीय राजस्व क्षति रूपये 1,86,010=00:– विगत वर्षो में प्राधिकरण द्वारा विकास कार्यो हेतु किये गये बन्धक अनुबन्धों की समीक्षा में प्रकाश में आया कि पत्रावली संख्या– मान0 / ले0 आउट / 85 / 03–04 में श्री बृज भूषण विद्यार्थी एवं श्री विशन लाल शर्मा द्वारा हरिपुरम गंगा एसोसिएटस, हरिपुर कलाँ, देहरादून, का ले आउट स्वीकृत था। जिसमें विकास कार्य पूर्ण करने हेतु रूपये 28,62,930=00 की गारन्टी के सापेक्ष कुल 17 भूखण्ड (भूखण्ड संख्या 01 से 17) प्राधिकरण के पक्ष में बन्धक रखें गये थें अनुबन्ध विलेख दिनांक 26.02.2005 के प्रस्तर 4 व 5 के अनुसार प्रथम पक्ष अर्थात श्री बृज भूषण एवं श्री विशन लाल वास्ते हरिपुरम गंगा एसोसिएटस, योजना के अन्तर्गत समस्त आन्तरिक विकास कार्यो यथा–पानी की लाइन, बिजली की लाइन एवं व्यवस्था, सीवर लाइन, सड़क, नाली, पार्को आदि की व्यवस्था किये जाने हेतु बाध्य था, प्रस्तर–8 के अनुसार

Scanned with CamScanner

प्रथम पक्ष द्वारा समस्त आन्तरिक विकास कार्य पूर्ण कराकर एवं कालोनी का हस्तांतरण सम्बन्धित वि प्राधिकरण से कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र प्राप्त करने के पश्चात ही बन्धक भूखण्ड संख्या 01 से 17 को प्राधि कराकर ही विक्रय किया जा सकता था। प्रस्तर 13 के अनुसार समस्त आन्तरिक विकास कार्य ले आ तिथि से 06 माह के अन्दर पूर्ण कराये जाने थे अन्यथा की दशा में बन्धक भूखण्ड प्राधिकरण द्वारा कब्ज करते हुए विकास कार्य पूर्ण कराये जाने थें।

उक्त ले आउट दिनांक 06.05.05 को स्वीकृत था तथा अनुबन्ध के अनुसार दिनांक 06.11 आन्तरिक विकास कार्य पूर्ण किये जाने थे। परन्तु नोट शीट संख्या 25 पर अवर अभियन्ता की टि दिनांक 28.07.06 तक विकास कार्य अपूर्ण थे तथा कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र भी प्राप्त नहीं किया गया था बन्धक भूखण्डों में से 05 भूखण्ड पत्रांक 2053 दिनांक 04.09.06 द्वारा अवमुक्त कर दिये गये। पुनः पत्र 20.03.07 द्वारा 07 भूखण्ड तथा पत्रांक मीमो दिनांक 26.03.09 द्वारा 02 भूखण्ड बिना कार्य पूर्णता प्रमा कर दिये गये। उल्लेखनीय यह भी है कि दिनांक 20.03.09 को अवमुक्त दो भूखण्डों को अवमुक्त किये अधिकारी/ उपाध्यक्ष का अनुमोदन/स्वीकृति भी प्राप्त नहीं की गयी थी। यह स्थिति गम्भीर अनियमितता

उपरोक्त के अतिरिक्त पत्रावली की जाँच में प्रकाश में आया कि सहायक आयुक्त स्टाम्प, हरिद्वा संख्या–8/मु0नि0लि0/बन्धक, दिनांक 07.02.04 में उपर्युक्त बन्धक अनुबन्ध में रूपये 2,00,410=00 होना लिखा गया था, परन्तु प्राधिकरण अधिवक्ता द्वारा दिनांक 01.05.04 को अपनी व्यक्तिगत रा 28,62,930=00 की गारन्टी के सापेक्ष 0.5 प्रतिशत की दर से स्टाम्प शुल्क लेकर बन्धक अनुबन्ध किये की गयी जिसे प्राधिकरण सचिव द्वारा स्वीकार करते हुए रूपये 14,400=00 मूल्य के स्टाम्प पत्र पर अनु जिसके फलस्वरूप 2,00,410=00 –14,400=00 = रूपये 1,86,010=00 के स्टाम्प शुल्क के रूप में राजकीय राजस्व की क्षति हुई।

(10) हरिलोक अनुरक्षण पर आय से अधिक व्यय रूपये 21,40,823=00 :– भुगतान एवं प्राप्ति वि पाया गया कि वर्ष 2009–10 में हरिलोक आवासीय कालोनी के अनुरक्षण पर प्राधिकरण द्वारा रूपये 18 किया गया था जबकि अनुरक्षण मद में आय मात्र रूपये 2,22,356=00 हुयी। इसी प्रकार वर्ष 2010 अनुरक्षण पर व्यय रूपये 8,19,256=00 के सापेक्ष मात्र रूपये 2,86,665=00 आय हुई। उ0प्र0 नगर य अधिनियम की धारा–7 के अनुसार आवासीय कालोनी का अनुरक्षण करना प्राधिकरण के उद्दे सम्मिलित नहीं था। अतः प्राधिकरण को उपरोक्तानुसार वर्ष 2009–10 एवं 2010–11 में क्रमशः रूपये 1 रूपये 5,32,591=00 की क्षति हुई जो प्राधिकरण के हितों के प्रतिकूल था।

उल्लेखनीय है कि गत एवं विगत वर्षो में आपत्ति किये जाने के उपरान्त भी इस ओर कार्यव इस सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है।

(11) बिना एम0ओ0यू0 सिंचाई विभाग को भुगतान किया जानाः– चैक संख्या "887562" दि ग्राम श्यामपुर नोआबाद में गंगा किनारे श्री काशी कैलाश सेवाश्रम के पास घाट निर्माण हेतु स्वीकृत रू से द्वितीय किस्त रूपये 10 लाख का भुगतान कार्यदायी संस्था– सिंचाई खण्ड हरिद्वार को किया गया जाँच में पाया गया कि अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड हरिद्वार के पत्रांक 915/ सि0ख0ह0/ कु 2010 द्वारा कुम्भ मेला 2010 की व्यवस्थाओं के अन्तर्गत दिनांक 17.09.09 को उपजिलाधिकारी हरि हरिद्वार, सिंचाई विभाग हरिद्वार द्वारा किये गये निरीक्षण एवं आदेशों के क्रम में ग्राम श्यामपुर नोआब हेतु रूपये 27.82 लाख का आगणन तैयार कर स्वीकृति हेतु विकास प्राधिकरण हरिद्वार को प्रेषित थ अवस्थापना विकास निधि समिति की औपचारिक स्वीकृति की प्रत्याशा में दिनांक 07.04.10 व प्राधिकरण/ आयुक्त गढ़वाल मण्डल, पौड़ी गढवाल द्वारा अवस्थापना विकास निधि से रूपये 27.82 प्रदान की गयी। अवस्थापना विकास समिति की स्वीकृति सम्परीक्षा तिथि तक अप्राप्त थी स्वीकृति सम्परीक्षा में अवगत कराया जाना अपेक्षित है।

उल्लेखनीय है कि कुम्भ मेला 2010 की अवधि जनवरी, 2010 से अप्रैल, 2010 तक थी। अतः सम्बन्धित कार्य की दिनांक 07.04.2010 को स्वीकृति प्रदान किया जाना औचित्य हीन था।

उक्त स्वीकृति दिनाक 07.04.10 के क्रम में प्राधिकरण पत्रांक 62/ अभि0–1(क)–01/ 2010–10 द्वारा अधि0 अभियन्ता, सिंचाई खण्ड हरिद्वार को स्टाम्प पत्र पर एम0ओ0यू0 की कार्यवाही किये जा सिंचाई खण्ड हरिद्वार द्वारा पत्रांक 241/ सं0अ0प0/ कुम्भ मेला– 2010 दिनांक 10.05.10 द्वारा रूपये दो खाली स्टाम्प पत्र उपलब्ध कराये गये, परन्तु एम0ओ0यू0 की कार्यवाही नहीं की गयी। प्रा एम0ओ0यू0 के ही दिनांक 28.05.10 को चैक सं0 104922 तथा दिनांक 21.1.11 को चैक सं0 887562 10 लाख एवं रूपये 10 लाख कुल रूपये 20 लाख ... को अ

Scanned with CamScanner

उपर्युक्त के अतिरिक्त सिंचाई खण्ड क 647 दिनांक 04.02.2011 द्वारा उपरोक्त रूपये 20 लाख का उपभोग प्रमाणपत्र तथा माप पुस्तिका की करते हुए शेष रूपये 7+13 लाख की मांग की गयी थी। उक्त मापपुस्तिका की छायाप्रति की जाँच में पपुस्तिका संख्या– अज्ञात, पेज संख्या– 57 पर वर्कआर्डर–01/2732 दिनांक 19.03.10, जो उक्त कार्य से सम्बन्धित था, का प्रथम एवं अन्तिम बिल रूपये 19,702=00 बनाया गया था, जिसमें कार्य प्रारम्भ की तिथि 19.03.10 एवं समाप्ति तिथि 20.03.10 तथा माप लेने की तिथि 22.03.10 अंकित थी। स्पष्ट था कि कार्य स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने से पूर्व ही कराया जा चुका था। इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट कराया जाना भी अपेक्षित है।

(12) मानचित्र आवेदन शुल्क कम लिए जाने के फलस्वरूप आर्थिक क्षति रूपये 12,199=00:– शासनादेश संख्या 4697/श0वि0–आ0–2004–80(सा)/2003 दिनांक 19.10.04 द्वारा विकास प्राधिकरणों में भवन मानचित्र से सम्बन्धित शुल्कों का निर्धारण किया गया था। उपर्युक्त शासनादेश में संलग्न परिशिष्ट के क्रमांक 1(1–1) (क) में आवासीय उपयोग के अन्तर्गत आवासीय भवनों हेतु "भूखण्ड क्षेत्रफल 100 वर्ग मीटर तक रूपये 100=00, 101 से 200 वर्ग मीटर तक रूपये 200=00, 201 से 300 वर्गमीटर तक रूपये 300=00 तथा उसके पश्चात रूपये 2/प्रति वर्गमीटर की दर से या उसके अंश पर जो भी अधिक हो" के अनुसार मानचित्र आवेदन शुल्क का प्रावधान किया गया था (संलग्न–4) परन्तु मानचित्र पंजिका की जाँच में पाया गया कि प्राधिकरण द्वारा 300 वर्ग मीटर से अधिक भूखण्ड वाले प्रकरणों में निर्धारित रूपये 2=00 प्रति वर्गमीटर की दर से न लेकर कम आवेदन शुल्क लिया गया था जिससे प्राधिकरण को संलग्न विवरणानुसार (परिशिष्ट-'क') रूपये 12,199=00 की आर्थिक क्षति हुई।

(13) कुम्भ मेला प्रशासन को अनियमित रूप से अग्रिम दिया जाना:– दिनांक 05.05.09 एवं दिनांक 28.08.09 को क्रमशः रूपये 10 लाख एवं रूपये 10 लाख कुल रूपये 20 लाख प्राधिकरण निधि से कुम्भ मेला प्रशासन को ऋण दिया गया था जिसे लेखाभिलेखों में अग्रिम अंकित किया गया था। उक्त धनराशि दिनांक 19.03.10 एवं 29.03.10 को वापस प्राप्त कर ली गयी थी।

पुनः दिनांक 09.06.10 को चैक संख्या 104583 एवं दिनांक 24.07.10 को चैक संख्या 52078 द्वारा क्रमशः रूपये 10 लाख एवं रूपये 10 लाख कुल रूपये 20 लाख अग्रिम/ ऋण कुम्भ मेला प्रशासन को दिया गया। सम्परीक्षा तिथि तक उक्त धनराशि प्राधिकरण को वापस प्राप्त नहीं हुई थी। उक्त धनराशि की वापसी हेतु प्रभावी कार्यवाही अपेक्षित है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त दिनांक 23.05.09 को रूपये 75000=00, दिनांक 30.06.09 को रूपये 75000=00 तथा दिनांक 28.08.09 को रूपये 40,000=00 मेलाधिकारी, कुम्भ मेला 2010 को वेतन अग्रिम के रूप में दिया गया था, जो दिनांक 08.10.09 को रसीद संख्या 554/73 द्वारा वापस प्राप्त हो गया था।

उल्लेखनीय है कि प्राधिकरण के नियमों एवं उपनियमो में उक्त प्रकार के ऋण/अग्रिम दिये जाने का प्रावधान नहीं है। मेलाधिकारी द्वारा प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद के अतिरिक्त प्रभार का दुरूपयोग करते हुए अनियमित रूप से प्राधिकरण निधि का दुरूपयोग किया गया।

(14) परिवाद अर्थदण्ड/जुर्माने की धनराशि प्राप्त न किया जाना रूपये 5,39,800=00 :– अभियोजना अधिवक्ता, हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत विवरण दिनांक 22.07.11 के अनुसार सी0जे0एम0 कोर्ट हरिद्वार द्वारा विभिन्न परिवादों में हरिद्वार विकास प्राधिकरण के पक्ष में वर्ष 2007 से 2011 तक कुल रूपये 10,85,300=00 परिवाद अर्थदण्ड/जुर्माने के आदेश पारित थे, जिसमें से रूपये 5,45,500=00 प्राधिकरण को प्राप्त थे, शेष रूपये 5,39,800=00 प्राप्ति हेतु शेष थे। अप्राप्त धनराशि भी प्राप्ति हेतु प्रभावी कार्यवाही अपेक्षित है।

(15) भवन निर्माण अग्रिम की वसूली न किया जाना:– भवन अग्रिम पंजिका की जाँच से प्रकाश में आया कि श्री मामचन्द, अवर अभियन्ता को 18.12.1991 को प्रदत्त भवन निर्माण अग्रिम रूपये 50,000=00 के सापेक्ष माह मार्च, 2000 के उपरान्त कोई वसूली नहीं की गई थी। आलोच्य अवधि के अन्त में श्री मामचन्द पर उक्त अग्रिम का रूपये 11,976=00 तथा भवन निर्माण अग्रिम पर अद्यावधिक ब्याज वसूली हेतु शेष था।

इसी प्रकार श्री राजीव दीक्षित, सहायक अभियन्ता से वर्ष 1995–96 में प्रदत्त भवन निर्माण अग्रिम रूपये 1,40,000=00 के सापेक्ष माह–जून, 2005 के पश्चात कोई वसूली नहीं की गयी थी। श्री दीक्षित पर 1472=00 मूलधन तथा भवन निर्माण अग्रिम पर अधावधिक ब्याज वसूली हेतु शेष था।

उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त दोनों कर्मचारी/ अधिकारी अन्यत्र विकास प्राधिकारणों हेतु कार्यमुक्त किये जा चुके थे। उल्लेखनीय यह भी है कि गत एवं विगत वर्षो में आपत्ति किये जाने के उपरान्त भी वसूली हेतु कोई कार्यवाही नहीं की गयी। प्रभावी कार्यवाही अपेक्षित है।

(16) संलयन शुल्क कम लिए जाने के फलस्वरूप आर्थिक क्षति रूपये 128=00:– रसीद सं0 593/99 दिनांक 17.01.2011 द्वारा श्री दिनेश गोयल, अमन एन्क्लेव हरिद्वार द्वारा शमन शुल्क, पर्यवेक्षण शुल्क, संलयन शुल्क आदि रूपये 1,38,878=00 जमा कराये गये थे। सम्बन्धित पत्रावली संख्या– नो0 ज्वा0/18/10–11 की जाँच में पाया गया कि पत्रावली में नोट शीट संख्या–5 पर अन्य के अतिरिक्त संलयन शुल्क की गणना, 255.60 वर्गमीटर क्षेत्रफल हेतु निर्धारित

Scanned with CamScanner

सर्किल रेट रूपये 5,250=00 के स्थान पर रूपये 5200=00 प्रति वर्गमीटर का 01 प्रतिशत की दर से के स्थान पर रूपये 13,291=00 की गयी थी। जिसके फलस्वरूप 13,419–13291=रूपये 128=00 प्राधिकरण को हुई। प्रतिपूर्ति अपेक्षित है।

(17) सड़क चौड़ीकरण क्षेत्र पर सब डिविजन शुल्क न लिए जाने के फलस्वरूप आ 68,675=00:– मानचित्र पत्रावलियों की जाँच से प्रकाश में आया कि प्राधिकरण द्वारा सब डिविजन शु क्षेत्रफल पर न लेकर सड़क चौड़ीकरण क्षेत्र कम करते हुए शेष भूखण्ड क्षेत्रफल पर आगणित करते हु था। उपविभाजन शुल्क नेट प्लाट एरिया पर लिए जाने सम्बन्धी नियम/शासनादेश सम्परीक्षा में उ प्रकार सड़क चौडीकरण क्षेत्र को कम करते हुए सबडिविजन शुल्क लिए जाने के फलस्वरूप उ उपलब्ध प्रकरणों में निम्नविवरणानुसार रूपये 68,675=00 की आर्थिक क्षति हुई:–

मनचित्र पत्रावली संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल (वर्गमी0)	सड़क चौड़ीकरण क्षेत्र (वर्ग मी0)	शेष क्षेत्रफल (वर्गमी0)	सड़क चौड़ीकरण क्षेत्र उपविभाजन शुल्क की (क्षेत्रफल×सर्किट रेट×
मान0/हरि0/ एस0 डब्ल्यू0–				
193/10–11	125.42	11.93	113.49	11.93 ×5350 ×1%
203/10–11	446.08	96.34	349.74	96.34×10800×1%
200/10–11	174.72	2.48	172.24	2.28 ×5000 ×1%
217/10–11	99.16	7.017	92.142	7.017×12800×1%
215/10–11	350.00	33.14	316.86	33.14 ×4500 ×3%
226/10–11	107.96	25.23	82.73	25.23×9900×1%
220/10–11	225.75	73.90	151.85	73.90 ×12600×1%
234/10–11	200.84	12.73	188.11	12.73×20200×1%
40/10–11	8200.00	130.25	8069.75	130.25×5650×2%
53/09–10	737.69	138.58	599.11	138.58×6000×1%
91/09–10	226.16	8.08	218.08	8.08 ×6000×1%
88/09–10	196.29	24.00	172.29	24.00×11000×1%
82/09–10	242.50	25.12	217.38	25.12×16800×1%
71/09–10	125.46	24.40	101.06	24.40×3350×1%
66/09–10	114.14	8.20	105.94	8.20 ×8500 ×3%
67/09–10	92.00	12.57	79.43	12.57×5000×3%
71/09–10	184.22	6.20	178.02	6.20 ×6000 ×1%
69/09–10	149.15	13.17	135.98	13.17×16800×1%
				योग:–

(18) अमान्य व्यय रूपये 37,630=00 :– चैक संख्या 887566, 887567 एवं 887568 दिनांक 24.0 श्री नरेन्द्र सिंह रावत को रूपये 18,742=00, श्री राजेश यादव को रूपये 8,488=00 तथा आफिसर निवास, को रूपये 10,400=00 भुगतान दर्शाया गया था। देयक एवं पत्रावली की जाँच में पाया गया आवास, उत्तराखण्ड शासन ने पत्रांक 276/पी0 एस0/2010 दिनांक 23.12.2010 द्वारा स्टर्जिया वाद बिल संलग्न करते हुए 'नियमानुसार' भुगतान हेतु लिखा गया था। प्रधिकरण के नियमों, उपनियमों प्राधिकरण से सम्बन्धित नहीं थे एवं प्राधिकरण अधिष्ठान से इतर व्यक्तियों द्वारा किये गये थे, के प्रावधान नहीं था। अतः उक्त भुगतान सम्परीक्षा में मान्य नहीं था। अमान्य भुगतान की प्रतिपूर्ति अपेक्षित

(19) स्टाम्प पत्र क्रय की तिथि से पूर्व तिथि में अनुबन्ध किया जाना:– श्री राम चन्द्र सिंह नेगी शर्मा दिनांक 01.04.2009 से 31.03.2010 तक की अवधि हेतु क्रमशः रूपये 5,000=00 एवं रूपये नियत वेतन/ संविदा पर कार्यरत थे। पत्रावली की जाँच में पाया गया कि उक्त दोनो से पृथक–2 अ 04.2009 को किये गये थे। जब कि स्टाम्प पत्र, जिन पर उक्त अनुबन्ध किये गये थे, दिनांक 23.04.2

Scanned with CamScanner

397

गया थे। स्टाम्प पत्र क्रय की तिथि से पूर्व की तिथि में उसी स्टाम्प पत्र पर अनुबन्ध किया जाना गम्भीर अनियमितता का द्योतक था।

उक्त के अतिरिक्त दोनों की उपस्थिति भी प्रमाणित नहीं थी। बिना उपस्थिति प्रमाणित कराये भुगतान किया जाना अनियमित एवं आपत्तिजनक था।

(20) वाहन विक्रय की आय से अधिक व्ययः– रसीद संख्या 591/94 दिनांक 07.01.2011 द्वारा श्री सुरेश शर्मा, हरिद्वार से निष्प्रयोज्य वाहन संख्या यू0ए0–08–9900 की नीलामी द्वारा विक्रय से विक्रय मूल्य रूपये 34,500=00 तथा व्यापार कर रूपये 4,658=00 कुल रूपये 39,158=00 प्राप्त था। पत्रावली की जाँच में पाया गया कि उक्त वाहन की नीलामी सम्बन्धी विज्ञापन प्रकाशन हेतु मै0 हिन्दुस्तान मीडिया वैन्चर्स लि0 को बिल संख्या 1800350309 दिनांक 04.01.11 रूपये 25,920=00 तथा बिल संख्या 1800338628 दिनांक 23.12.10 रूपये 32400=00 कुल रूपये 58,320=00 का भुगतान, आयकर कटौती उपरान्त, चैक संख्या 887950 दिनांक 28.02.11 द्वारा रूपये 57,737=00 किया गया था।

प्राधिकरण कर्मचारियों एवं अधिकारियों की अदूरदर्शिता एवं अनियोजित व्यवस्था के फलस्वरूप वाहन विक्रय से प्राप्त धनराशि रूपये 34,500=00 के सापेक्ष उक्त वाहन विक्रय सम्बन्धी विज्ञापन पर रूपये 58,320=00 का व्यय किया गया। अर्थात वाहन विक्रय से धनराशि प्राप्त होने के स्थान पर प्राधिकरण को वाहन के साथ–2 रूपये 58,320–34,500 = रूपये 23,820=00 का अतिरिक्त भुगतान भी करना पड़ा। इस सम्बन्ध में उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

(21) अमान्य भुगतान रूपये 4,370=00:– चैक संख्या 712438 दिनांक 02.09.09 द्वारा श्री विनाद राव लिपिक को पूर्व स्वीकृत अस्थाई अग्रिम दिनांक 11.08.09 रूपये 2,000=00 को समायोजित करते हुए स्वतन्त्रता दिवस आयोजन पर हुए कुल व्यय रूपये 6,497=00 की शेष राशि रूपये 4,497=00 का भुगतान किया गया था। व्यय प्रमाणकों की जाँच में पाया गया कि कुल व्यय रूपये 6,497=00 में अन्य के अतिरिक्त दिनांक 14.08.09 को मै0 ममता स्वीट्स एण्ड कन्फैक्शनर्स, ज्वालापुर, हरिद्वार को समोसे, लडडू आदि जलपान हेतु रूपये 4,370=00 का भुगतान दर्शाया गया था। दिनांक 14.08.09 को किसी प्रकार के आयोजन सम्बन्धी कोई आदेश उपलब्ध नहीं थें और न ही 14.08.09 को किसी आयोजन का कोई अन्य प्रमाण उपलब्ध था। ऐसी स्थिति में उक्त भुगतान मान्य नहीं था। अमान्य भुगतान रूपये 4,370=00 की प्रतिपूर्ति अपेक्षित है।

(22) अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क की धनराशि प्राप्त न किया जानाः– शहरी विकास/आवास अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन देहरादून की अधिसूचना संस्था– 1412/श0वि0अनु0 2003/ 285/श0वि0/2002 दिनांक 30.08.2003 के अनुसार नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 39(1) के अधीन वसूल किये गये 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क की धनराशि में से 04 प्रतिशत अनुषांगिक एवं 04 प्रतिशत उगाही व्यय को घटाने के उपरान्त शेष धनराशि विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम/ नगर पालिका/नगर पंचायत को क्रमशः 0.75 एवं 1.25 प्रतिशत के अनुपात मे आवन्टित कर भुगतान किया जाना था।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद, हरिद्वार को महानिरीक्षक निबन्धन उत्तराखण्ड देहरादून के पत्र संख्या 755/म0नि0नि0/2010–11 दिनांक 10.01.2011 द्वारा रूपये 1,33,11,750=00 तथा पत्र संख्या 1045/म0नि0नि0/2010–11 दिनांक 25.03.11 द्वारा रूपये 43,00,808=00 माह जनवरी, 2009 से फरवरी, 2010 तक की अवधि से सम्बन्धित प्राप्त थी (संलग्नक–5) परन्तु विकास प्राधिकरण, हरिद्वार द्वारा उपरोक्त अधिसूचना दिनांक 30.08.03 के अनुसार अनुपातिक धनराशि प्राप्त नहीं की गयी थी। अनुपातिक धनराशि प्राप्त किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही अपेक्षित हैं।

उपर्युक्त के साथ ही जिला टिहरी गढ़वाल एवं पौड़ी गढ़वाल में प्राधिकरण क्षेत्रात्तर्गत प्राप्त अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क की धनराशि का अनुपातिक भाग प्राप्त किया जाना भी अपेक्षित है।

(23) श्री रत्नेश कुमार, वित अधिकारी को वेतन से भविष्य निधि एवं सामूहिक बीमा की कटौती न किया जानाः– वेतन देयकों की जाँच से प्रकाश में आया कि श्री रत्नेश कुमार, वित अधिकारी के वेतन से भविष्य निधि एवं सामूहिक बीमा की कोई कटौती नहीं की गयी थी। श्री रत्नेश प्राधिकरण में दिनांक 27.08.09 से वित्त अधिकारी पद पर कार्यरत थे। भविष्य निधि एवं सामूहिक बीमा की कटौती न किया जाना अनियमित एवं आपत्तिजनक था। स्थिति स्पष्ट कराया जाना अपेक्षित है।

(24) सब डिविजन शुल्क कम लिए जाने के फलस्वरूप आर्थिक क्षति रूपये 336=00:– रसीद संख्या 592/84 दिनांक 25.01.2011 द्वारा मान0/हरि0/एस0डब्ल्यू0–211/2010–11 की स्वीकृति के सापेक्ष श्री सतेन्द्र कुमार से विकास शुल्क रूपये 4,000=00, पर्यवेक्षण शुल्क रूपये 571=00 तथा सबडिविजन शुल्क रूपये 3,951=00 कुल रूपये 8,522=00 प्राप्त था। पत्रावली की जाँच में पाया गया कि सबडिविजन शुल्क 103.98 वर्गमी0 भूमि पर सर्किल रेट पेज 12 क्रमांक 153 में अंकित आवासीय दर रूपये 3,800=00 प्रति वर्ग मीटर की दर से रूपये 3,95,124=00 का एक प्रतिशत रूपये 3,951=00 लिया गया था। पत्रावली में संलग्न भू स्वामित्व सम्बन्धी अभिलेखों के अनुसार उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक भाग 212.5 वर्ग फुट अर्थात 19.74 वर्गमीटर जो दान पत्र रजिस्ट्री प्रालेख संख्या 3246 द्वारा श्री सतेन्द्र कुमार के नाम

Scanned with CamScanner

दर्ज था, एक व्यवसायिक भूखण्ड था, जिस पर व्यवसायिक भूखण्ड हेतु निर्धारित दर रूपये 5,500=00 दर से मूल्य आगणित करते हुए स्टाम्प शुल्क दिया गया था। अतः सब डिविजन शुल्क हेतु भूखण्ड मीटर आवासीय दर रूपये 3,800=00 की दर से रूपये 3,20,112=00 तथा 19.74 वर्गमीटर व्य 5,500=00 की दर से रूपये 1,08,570=00 कुल रूपये 4,28,682=00 आगणित कर एक प्रतिशत 4,287=00 सबडिविजन शुल्क लिया जाना चाहिए था। इस प्रकार 4,287–3,951=00 रूपये 336=00 कम लिए जाने के फलस्वरूप प्राधिकरण को आर्थिक क्षति हुई।

(25) कुल विक्रय मूल्य कम दर्शाकर रजिस्ट्री कराये जाने से स्टाम्प शुल्क की क्षति रूपये संख्या 35/592 दिनांक 20.01.11 द्वारा श्रीमति किरण गौतम से इन्द्रलोक आवासीय योजना में 300 संख्या– 33 हेतु फीहोल्ड शुल्क, मुख्य मार्ग शुल्क आदि के रूपये 1,78,325=00 प्राप्त थे। सम्बन्धित में पाया गया कि भूखण्ड का कुल प्राप्त मूल्य 8,10,000 + 4,24,697 = रूपये 12,34,697=00 के 12,24,697=00 दर्शा कर 4.5 प्रतिशत की दर से रूपये 55,575=00 मूल्य के स्टाम्प पत्र के स्थान 55,200=00 मूल्य के स्टाम्प पत्र प्रयोग कर रजिस्ट्री करायी गयी थी। जिसके फलस्वरूप स्टाम्प शुल्क होने वाले राजकीय राजस्व रूपये 375=00 –(55575–55200) की क्षति हुई। प्रतिपूर्ति अपेक्षित है।

(26) दैनिक भत्ते का अधिक भुगतान रूपये 85=00:– चैक संख्या 712403 दिनांक 11.08.09 द्वारा की माह– मई–जून–जुलाई, 2009 में की गयी विविध यात्राओं हेतु यात्रा भत्ता रूपये 2,118=00 भुगतान देयक की जाँच में पाया गया कि अन्य के अतिरिक्त दिनांक 08/09.06.2011 को नैनीताल अवस्थान दैनिक भत्ते का रूपये 85/भुगतान किया गया था, जबकि श्री जोशी द्वारा देयक में दिनांक 08.06.09 हरिद्वार से प्रस्थान कर दिनांक 09.06.09 को प्रातः 07 बजे नैनीताल पहुंचाना तथा दिनांक 09.06.09 को नैनीताल से हरिद्वार हेतु प्रस्थान दर्शाया गया था। इस प्रकार दिनांक 09.06.09 को नैनीताल अवस्थान प्रातः 11 बजे तक मात्र 04 घण्टे का था। अतः उक्त दिवस का दैनिक भत्ता देय नहीं था। अनियमित दैनिक भत्ते रूपये 85=00 की वसूली अपेक्षित है।

(27) त्रुटिपूर्ण वेतन निर्धारण के फलस्वरूप अधिक भुगतान रूपये 34,946=00:– श्री गोकुल अभियन्ता, की सेवा पुस्तिका एवं वेतन निर्धारण प्रपत्रों की जाँच में पाया गया कि श्री जोशी दि वेतनमान 8000–275–13500 में दिनाक 01.01.06 को देय वेतनवृद्धि से पूर्व (या दिनांक 31.12.2005 को 8,825=00 पा रहे थे। शासनादेश संख्या–27/××vii (7)(स्प0–1)/2009 दिनांक 13 फरवरी, 2 शासनादेश संख्या– 395/××vii(7)/2008 दिनांक 17 अक्टूबर, 2008) के प्रस्तर–6 में दिये गये अनुसार पूर्व वेतनमान में दिनांक 01.01.06 को देय वेतनवृद्धि को बिना जोड़े प्राप्त वेतन के सापेक्ष दि पुनरीक्षित वेतन बैण्ड में फिटमेन्ट तालिका के अनुसार वेतन एवं ग्रेड वेतन में 01.01.2006 को देय वे वेतन निर्धारित किया जाना था अर्थात 01 जनवरी, 2006 को देय वेतन वृद्धि केवल एक बार नये वेतन थी, जिसके अनुसार श्री जोशी का वेतन दिनांक 01.01.2006 के पूर्व वेतनमान में वेतन वृद्धि से पूर्व 8,825=00 के सापेक्ष फिटमेन्ट तालिका के अनुसार रूपये 16,420=00 तथा ग्रेड वेतन रूपये 5,400 21,820=00 में दिनांक 01.01.06 को देय वेतन वृद्धि 21820 का 3 प्रतिशत रूपये 660=00 जोड़ते हुए तथा ग्रेड वेतन रूपये 5,400=00 कुल रूपये 22,480=00 निर्धारित किया जाना चाहिए था। परन्तु प्र जोशी का दिनांक 01.01.06 के वेतन पूर्व वेतनमान में प्राप्त वेतन रूपये 8,825=00 में 01.01.06 को दे 275=00 जोड़ कर रूपये 9,100=00 में पुनः 9100 का 3 प्रतिशत रूपये 273=00 जोड़ कर रूपये 9,3 नये वेतन बैण्ड में फिटमेन्ट तालिका के अनुसार रूपये 17,440=00 तथा ग्रेड वेतन रूपये 5,400 22,840=00 निर्धारित किया गया। इस प्रकार दिनांक 01.01.2006 से पुनरीक्षित वेतन मानों में त्रुटिपूर्ण फलस्वरूप श्री गोकुल चन्द जोशी, अवर अभियन्ता को संलग्न विवरणानुसार (परिशिष्ट ख) सम्परीक्षा 34,946=00 का अधिक भुगतान हुआ। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

(28) विनियमितीकरण से पूर्व समयमान वेतनमान के अन्तर्गत प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत फलस्वरूप अधिक भुगतान रूपये 5,65,423=00 :– श्री आनन्द राम आर्या, अवर अभियन्ता की व्यक्तिगत पत्रावली की जाँच से प्रकाश में आया कि आवास विभाग, उत्तरॉचल शासन के कार्याल 3534/V/आ0–2006 –08(आ0)/ 2005 दिनांक 22.12.06 (संलग्नक–6) द्वारा श्री आर्या को तात्कालि अभियन्ता पद पर विनियमित किया गया था। श्री आर्या 01.01.2006 को वेतनमान 4500–125–70 6,500=00 पा रहे थे, जिसे शासनादेश संख्या 2293/V–आ–06–146 (आ)/2006 दिनांक 27.04.07 द्वा 06 से वेतनमान 5000–150–8000 में उच्चीकृत किया गया था। श्री आर्या की वेतनवृद्धि तिथि 01 विभाग, उत्तरांचल शासन के शासनादेश संख्या– 268/V– आ–2008–155(आ0)/05, दिनांक 7 फ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या– वे0 आ0 2–560/ दस– 45 (एम0)–99 दि

Scanned with CamScanner

अनुरूप समयमान वेतनमान की व्यवस्था विकास प्राधिकरणों में लागू किये जाने पर, श्री आर्या को 14 वर्ष की सेवा पर दिनांक 01.03.2002 से प्रथम प्रोन्नत वेतनमान 8000-275-13200 स्वीकृत करते हुए वेतन निर्धारण किया गया। उक्त शासनादेश दिनांक 02.12.01 के प्रस्तर 1(2) के अनुसार 14 वर्ष की सेवा पर प्रथम प्रोन्नत वेतनमान तभी देय था जबकि नियमित पद पर कर्मचारी नियमित हो चुका हो। ऐसी स्थिति में श्री आर्या को नियमितीकरण की तिथि से पूर्व प्रोन्नत वेतनमान देय नहीं था। इस प्रकार श्री आर्या को विनियमितीकरण की तिथि से पूर्व अनियमित रूप से प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत किये जाने के फलस्वरूप सम्परीक्षा तिथि तक संलग्न विवरणानुसार (परिशिष्ट-'ग') रूपये 5,65,423=00 अधिक भुगतान किया गया। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

(29) **नियमितीकरण के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट न होना :-** श्री बलराम सिंह, सर्वेयर, श्री शिशुपाल सिंह सर्वेयर एवं श्री किशन स्वरूप सिंह, चौकीदार की सेवा पुस्तिकाओं एवं व्यक्तिगत पत्रावलियों की जाँच में पाया गया कि व्यक्तिगत पत्रावलियों में संलग्न नोट शीट संख्या-1 के अनुसार उपरोक्त तीनों कर्मचारियों की नियुक्ति वर्ष 1991 में तीन माह हेतु तदर्थ रूप से की गयी थी तथा नियुक्ति पत्र भी तीन माह की सेवा हेतु निर्गत किये गये थे। उक्त सेवा अवधि को समय-2 पर बढ़ाने हेतु वर्ष 1997 तक अनुमोदन प्राप्त किया गया, तत्पश्चात् इनकी सेवाओं को तदर्थ के स्थान पर अस्थाई मानते हुए सेवा अवधि बढ़ाने की कोई स्वीकृति प्राप्त नहीं थी। पत्रावली में विनियमितीकरण सम्बन्धी कोई आदेश सम्बद्ध नहीं था एवं न ही सेवा पुस्तिका में अंकित था। सेवा पुस्तिका में पूर्व में अंकित सेवा के प्रकार 'तदर्थ' को काटकर 'अस्थाई' अंकित किया गया था जो बिना विनियमितीकरण आदेश के अमान्य एवं आपत्तिजनक था। उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त तीनों कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी मानते हुए समयमान वेतनमान के अन्तर्गत 14 वर्ष की सेवा पर प्रथम प्रोन्नत वेतनमान भी स्वीकृत किया जा चुका है। उपरोक्त तीनों कर्मचारियों का विनियमितिकरण आदेश के साथ, विनियमितिकरण के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट कराई जाये अन्यथा उपरोक्त प्रोन्नत वेतनमान के रूप में प्रदत्त लाभ एवं अन्य प्रदत्त लाभों की वापसी अपेक्षित होगी।

(30) **रोड वाइडनिंग का प्रावधान किये बिना मानचित्र स्वीकृत किया जाना:-**

(क) रसीद संख्या 77/594 दिनांक 08.02.11 द्वारा मानचित्र संख्या- मान0/हरि0/एस0डब्ल्यू- 222/2010-11 की स्वीकृति के सापेक्ष विकास शुल्क, पर्यवेक्षण शुल्क आदि रूपये 22,027=00 प्राप्त थे। मानचित्र पत्रावली की जाँच में पाया गया कि नोट शीट संख्या-1 पर प्राधिकरण मानचित्रकार की टिप्पणी/ आख्या के अनुसार महायोजना में सन्दर्भित स्थल पर 9.00 मीटर सड़क आवश्यक थी। प्रस्तुत मानचित्र के अनुसार भूखण्ड के सामने की सड़क की चौड़ाई 4.57 मीटर थी। अतः सड़क के मध्य बिन्दु से 4.50 मीटर अर्थात भूखण्ड सीमा से 4.50-4.57/2= 2.215 मीटर स्थान रोड वाइडनिंग हेतु प्रावधानित करते हुए मानचित्र स्वीकृत किया जाना चाहिए था। परन्तु मानचित्र में रोड़ वाइडनिंग का प्रावधान किये बिना ही मानचित्र स्वीकृत कर दिया गया। यद्यपि प्राधिकरण को आर्थिक रूप से कोई हानि नहीं हुई परन्तु यह महायोजना एवं प्राधिकरण के उद्देश्यों एवं कर्तव्यों के विपरीत था, इस ओर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

